प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

नड्डा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज मंडी जिला के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया। नड्डा ने इस दौरान सुंदरनगर में स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों को एक बैठक में हर प्रभावित व्यक्ति तक सरकार की राहत पहुंचाने के निर्देश दिए और कहा कि इसमें कोई ढिलाई न बरती जाए। नड्डा ने कहा कि केन्द्र सरकार प्रदेश सरकार के साथ पूर्ण समन्वय से कार्य कर रही है और आवश्यक संसाधन समय पर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर प्रभावित व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार हर प्रभावित व्यक्ति के पुनर्वास में कोई कमी नहीं छोड़ेगी। इससे पूर्व जे.पी. नड्डा ने नाचन विधानसभा क्षेत्र के स्यांज, पंगलियूर और बागा गांव का दौरा किया तथा प्रभावित परिवारों से बात की। उन्होंने सराज विधानसभा क्षेत्र के थुनाग में भी प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया। नड्डा ने पीड़ित परिवारों को सांत्वना देते हुए कहा कि प्रशासन इस आपदा से निपटने के लिए युद्धस्तर पर कार्य कर रहा है। उन्होंने राहत शिविरों में सुविधाओं का जायज़ा भी लिया और अधिकारियों का आवश्यक दिशानिर्देश दिए। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और नाचन के विधायक विनोद कुमार भी इस दौरान मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी आज से मंडी जिला के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के दो दिवसीय दौरे पर हैं। मुख्यमंत्री ने अपने दौरे के पहले दिन आपदा प्रभावित क्षेत्र बगस्याड़ में नुकसान का जायज़ा लिया और प्रभावित परिवारों के साथ बातचीत कर उनकी पीड़ा को साझा किया। मुख्यमंत्री ने बगस्याड़ में राहत शिविर का भी दौरा किया और यहां रह रहे लोगों का दुख–दर्द जाना। मुख्यमंत्री ने बाद में सरण गांव में आपदा से हुए नुकसान का जायज़ा लिया। उन्होंने सरण गांव के लोगों से भी मुलाकात की और उन्हें सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने बाद में जंजैहली क्षेत्र के पांडवशिला में भी आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया और पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

जगत सिंह नेगी

बागवानी व राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश में मॉनसून की भारी वर्षा से नुकसान का सिलसिला लगातार जारी है। उन्होंने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश में अभी तक मॉनसून की भारी बरसात से एक हज़ार करोड़ रूपये से अधिक का नुकसान हो चुका है। जगत सिंह नेगी ने भाजपा पर आपदा के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि सुक्खू सरकार प्रभावितों को हरसंभव राहत पहुंचा रही है।

**नुकसान का भी मूल्यांकन बड़े तेजी से किया जा रहा है क्योंकि फील्ड में जाकर हर डिपार्टमेंट ने अलग-लग अपना मूल्यांकन करते हैं पर जो हमने पिछले चार-पान दिन के अंदर देखा तो करीब जो है एक-हजार करोड़ से तो उपरी चला गया ।**

पर ये continues अभी इसका मूल्यांकन हो रहा है । एक अनुमान के हिसाब से कोई आज की तारीख में कोई 1200 से ज्यादा मकान या partially या फुली damaged है । पर मै ये बताना चाहता हूँ कि भारतीय जनता पार्टी जो है आपदा में भी अफसर का मौका ढूंढते है । इनके जो लीडर है केबल मोके पे जहां जहां सढकें खुल रही है वहां आराम से जा रहे हैं देखा हुआ डिजाइनर सूट में चले हुए हैं और फोटो सेशन करके जा रहे हैं और यह स्टेट्मेंड इनी के लीडर का था कि JCB आगे आगे हैं हम JCB के पीछे पीछे हैं

मौसम
प्रदेश में मॉनसून लगातार सक्रिय बना हुआ है और राज्य के अधिकांश हिस्सों में रूक—रूक मॉनसून की वर्षा का सिलसिला जारी हैं बीते 24 घंटों के दौरान नाहन में सर्वाधिक 70 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गईं इसके अलावा नंगल डैम में 36, धौलाकुआं में 29 और गोहर में 20 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गईं अन्य स्थानों पर भी इस दौरान व्यापक वर्षा हुईं मौसम विभाग ने प्रदेश में आज और कल भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया हैं विभाग के अनुसार इसके बाद मॉनसून की वर्षा में कुछ कमी आएगीं रोक

पर्यटन विभाग ने चम्बा के खज्जियार में पैराग्लाडिंग पर रोक लगा दी हैं ये रोक 15 जुलाई से 15 सितम्बर तक रहेगीं

———————————————————

———————————————————